Title: Requested to pay attention to the problems of the transporters in Delhi due to inadequate supply of C.N.G.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से दिल्ली में सभी व्यावसायिक वाहनों को 31 मार्च, 200 तक सी.एन.जी. में बदलकर चलने के लिये कहा गया लेकिन दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना की कि समयावधि बढ़ाई जाये। तदनुसार यह अवधि सितम्बर, 2001 तक बढ़ा दी गयी। फैडरेशन आफ ट्रांसपोर्टर्स के तत्वाधान में सी.एन.जी. की कमी होने के कारण हड़ताल की गई। अभी तक केवल 40 प्रतिशत वाहन ही सी.एन.जी,. से चल रहे हैं। अब यह कहा गया है कि सभी वाहन 1 अक्तूबर से सी एन जी से चलेंगे लेकिन सी.एन.जी. की आपूर्ति अपर्याप्त होने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। वाहन 10-10,12-12 घंटे लाइन में आपूर्ति के लिये खड़े रहते हैं लेकिन फिर भी समय पर नहीं मिल पा रही है। जिस व्यक्ति ने 10-15 लाख रुपया सी.एन.जी कनवर्जन लगाकर व्यय किया हो और बस खरीदी हो और उसका वाहन सड़क पर खड़ा रहे तो मामला गंभीर हो जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, ट्रासपोर्टर्स ने कहा है कि यदि उन्हें सी.एन.जी. की आपूर्ति नहीं की जायेगी तो वे दिल्ली के सभी सासंदों का घेराव करेंगे और उनके खिलाफ प्र ादर्शन किया जायगा। इसलिये मेरा सरकार से आग्रह है कि इस ओर अविलम्ब ध्यान दे।